# निवेश को आकर्षित करने के लिए इन्वेस्ट यूपी का दल जाएगा जापान

## ओसाका के वर्ल्ड एक्सपो में करेगा उप्र की निवेश नीतियों का प्रचार

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ:** राज्य में औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए इन्वेस्ट यूपी का दल जापान जाएगा। जापान के ओसाका शहर में वर्ल्ड एक्सपो-2025 आयोजित हो रहा है। 13 अक्टूबर तक चलने वाले इस एक्सपो में इन्वेस्ट यूपी की तरफ से राज्य सरकार की औद्योगिक निवेश नीतियों का प्रचार किया जाएगा। साथ ही, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत निर्मित किए गए विभिन्न उत्पादों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इस एक्सपो में 160 से अधिक देश भाग ले रहे हैं।



नई दिल्ली में बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ● सूचना विभाग

इन्वेस्ट यूपी ने अब बहुराष्ट्रीय कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित करने की रणनीति पर काम शुरू किया है। इसके तहत विदेश में आयोजित होने औद्योगिक मेलों में इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी लगातार भाग ले रहे हैं। जापान के ओसाका में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मुख्यालय हैं। इसीलिए ओसाका एक्सपो के जरिये राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए इन्वेस्ट यूपी ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है। एक्सपो में भारत मंडप में उत्तर प्रदेश का स्टाल लगाने की तैयारी की जा रही है। इसके माध्यम से रक्षा औद्योगिक गलियारा, टेक्सटाइल, पर्यटन, आइटी, एआइ, खाद्य प्रसंस्करण, निजी औद्योगिक पार्क, एयरोस्पेस, सेमी कंडक्टर उद्योग, आटो मोबाइल व इलेक्ट्रानिक्स के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने वाली राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार किया जाएगा। एक्सपो में लगाए गए भारत मंडप को शीर्ष पांच मंडपों में शामिल किया गया है। यह मंडप इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइजीएनसीए) ने तैयार किया है। इन्वेस्ट यूपी का दल इसी मंडप में राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों, औद्योगिक क्षेत्रों के अलावा प्रदेश की हवाई व रोड कनेक्टिविटी को विभिन्न माध्यमों से प्रदर्शित करेगा। एक्सपो में होने वाले गोल मेज सम्मेलन में प्रदेश में निवेश संबंधी कई प्रस्ताव भी मिलने की उम्मीद की जा रही है।